नव भारत

# प्रदेश में 62 आईपीएस तबादले

## 10 अफसरों को डीआईजी की जिम्मेदारी मिली


मनीष खत्री


मनोज कुमार राय


विवेक सिंह

**भोपाल, 03 मई. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार देर रात जारी 62 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची ने प्रशासनिक हलकों में कई तरह की चर्चाओं को जन्म दिया है. इस सूची में कुछ फैसले सख्त संदेश देने वाले हैं, तो कुछ संतुलन साधने की कोशिश के रूप में देखे जा रहे हैं.**

सिंगरौली में हाल ही में हुई बैंक डकैती के बाद एसपी मनीष खत्री को हटाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है. विभागीय हलकों में इसे 'वनवास' की तरह देखा जा रहा है. बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाना दोनों ही खत्री के कामकाज से नाराज थे. इसके अलावा मोरबा थाने में विवादित नियुक्तियों को लेकर भी असंतोष था. इसके उलट, सिवनी के हवाला कांड के बाद हटाए गए एसपी सुनील मेहता को इंदौर में डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है. यह पोस्टिंग विभाग में 'इनाम' के रूप में चर्चा में है, जिससे ट्रांसफर नीति को लेकर अलग-अलग व्याख्याएं सामने आ रही हैं.इस पूरी सूची में दो महत्वपूर्ण पद खाली छोड़ना भी खास है. सागर आईजी का पद पिछले एक महीने से खाली है और अब भी उस पर नियुक्ति नहीं की गई है. वहीं, बुरहानपुर एसपी के स्थान पर भी किसी को पोस्ट नहीं किया गया. इससे संकेत मिल रहे हैं कि जल्द ही एक और तबादला सूची जारी हो सकती है. इसके अलावा, सरकार ने जनगणना से पहले 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले भी किए हैं, जिनमें 14 कलेक्टर शामिल हैं. इससे साफ है कि सरकार प्रशासनिक स्तर पर व्यापक बदलाव कर रही है, जिसका उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और शासन की पकड़ को और प्रभावी बनाना है. वहीं प्रशासनिक सर्जरी के तहत 19 से 24 जिलों के एसपी बदले गए हैं. सिंगरौली, भिंड, शिवपुरी, रीवा, और सागर सहित कई प्रमुख जिलों में नए पुलिस अधीक्षक नियुक्त किए गए हैं.

### प्रमुख अधिकारियों के हुए स्थानांतरण

| अधिकारी का नाम | पुरानी पोस्टिंग | नई पोस्टिंग |
|---|---|---|
| मनोज कुमार राय | एसपी खंडवा | डीआईजी |
| असित यादव | एसपी भिंड | डीआईजी ग्वालियर |
| विवेक सिंह | डीसीपी भोपाल | डीआईजी शहडोल |
| शैलेंद्र सिंह चौहान | एसपी रीवा | अतिरिक्त पुलिस |
| मयंक अवस्थी | एसपी धार | अतिरिक्त पुलिस |
| विकास सहवाल | एसपी सागर | डीसीपी भोपाल |
| समीर सौरभ | एसपी मुरैना | रेडियो भोपाल |
| सुनील मेहता | एसपी सिवनी | डीसीपी इंदौर |
| मनीष खत्री | एसपी सिंगरौली | एआईजी भोपाल |
| श्रुतकीर्ति सोमवंशी | एसपी दमोह | सेनानी ग्वालियर |
| दीपक शुक्ला | एसपी सीहोर | सेनानी ग्वालियर |
| सूरज वर्मा | एसपी दतिया भिंड | एसपी भिंड |
| अमन सिंह राठौड़ | एसपी शिवपुरी | डीसीपी इंदौर |
| रजत सकलेचा | एसपी मंडला | एसपी छतरपुर |
| अगम जैन | एसपी छतरपुर | एसपी खंडवा |
| अंकित जायसवाल | एसपी नीमच | एसपी रेल भोपाल |

# कृषि कूटनीति का नया मंच बनेगा इंदौर

## जून में कृषि पर इंदौर में ब्रिक्स देशों की बड़ी बैठक



नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 3 मई. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इंदौर में जून 2026 में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक और कृषि कार्य समूह की बैठक आयोजित की जाएगी. उन्होंने कहा कि 9 से 11 जून तक समूह की बैठक होगी और 12 व 13 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री कृषि और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे. इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी साथ थे.**

शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और बताया कि आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप, भव्य और सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है. उनका कहना है कि यह सम्मेलन भारत की कृषि क्षमता, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर होगा.

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश कृषि के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दुनिया की लगभग 42 प्रतिशत कृषि भूमि, 68 प्रतिशत छोटे किसान और करीब 45 प्रतिशत अनाज उत्पादन इन देशों से जुड़ा है. इसी कारण यह बैठक वैश्विक कृषि नीति और खाद्य सुरक्षा के लिए बेहद अहम मानी जा रही है.ब्रिक्स समूह में भारत, ब्राज़ील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं. इसके अलावा कई साझेदार देश भी इस मंच से जुड़े हुए हैं.शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि व्यापार, डिजिटल कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, अनुसंधान और किसान कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा.उन्होंने यह भी कहा कि बदलते जलवायु हालात, बढ़ते तापमान और अनियमित वर्षा को देखते हुए टिकाऊ और आधुनिक कृषि प्रणाली विकसित करना आज की आवश्यकता है. इस सम्मेलन से सदस्य देशों के बीच कृषि सहयोग और तकनीकी आदान-प्रदान को मजबूती मिलेगी.

# पत्नी की हत्या के बाद बच्चे को जंगल में छोड़ा

▶ बेगमगंज पुलिस ने बच्चा सकुशल बरामद किया



**बेगमगंज , 3 मई. विदिशा जिले के हैदरगढ़ थाने के ग्राम हिनोतिया पचौरी निवासी एक युवक ने शनिवार को घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी और अपने दो वर्षीय बेटे को लेकर भाग निकला था.**

पिता बच्चे को बेगमगंज तहसील के ग्राम कोहनियां के पास एक जंगल में झिरिया मंदिर के पास छोड़कर चला गया. बच्चे को रविवार को बेगमगंज पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया.

एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि शनिवार को हिनोतिया पचौरी निवासी आरोपी राजेंद्र पिता सुंदर अहिरवार (25) पत्नी की हत्या कर घटना के बाद अपने दो साल के बेटे को थाना बेगमगंज क्षेत्र के जंगल में एक मंदिर के पास छोड़ गया था. हैदरगढ़ पुलिस ने रात 9 बजे बच्चे के गुम हो जाने की सूचना थाना बेगमगंज थाने को दी थी. इसके बाद पुलिस ने तत्काल विशेष सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया. रविवार को बच्चे को मंदिर के पास दस्तयाब कर लिया.

# सो रहे परिवार पर पेट्रोल बम से हमला, एक झुलसा

**जबलपुर, 03 मई. मदन महल थाना अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित एक मकान में सो रहे परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश की गई. रविवार तड़के अज्ञात हमलावर ने जान से मारने की नीयत से ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल (पेट्रोल बम) फेंकी, जिससे घर की छत में भीषण आग लग गई.**

इस घटना में सो रहा एक युवक बुरी तरह झुलस गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि रुद्राक्ष बान (20) ज्ञान गंगा कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है, रविवार तड़के करीब 3:30 बजे वह और उसका छोटा भाई शिवांश कमरे में सो रहे थे, जबकि माँ पास ही जमीन पर सोई थीं.

# परिजनों का आरोप—यह हादसा नहीं, हत्या है

## क्रूज हादसे में अब तक 13 की मौत

**जबलपुर, 03 मई. 30 अप्रैल को मध्य प्रदेश के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है. हादसे के बाद परिजनों ने इसे एक दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या का मामला बताया है. उन्होंने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि इस पूरी घटना के लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म डिपार्टमेंट जिम्मेदार है.**

उनका कहना है कि हादसे के बाद कोई भी गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है, और बोट ऑपरेटर को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है. मृतकों के परिजनों का कहना है कि कामराज की सैलरी 1 लाख रुपए थी, और ऐसे में कोई भी मुआवजा उस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकता. उनका कहना है कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक न्याय अधूरा रहेगा.

> हादसे में कुल 47 पर्यटक सवार थे, जबकि केवल 29 लोगों के टिकट ही जारी किए गए थे. क्रूज को जब तेज हवा और मिनी बवंडर का सामना हुआ, तो वह पलट गया. इस दौरान क्रूज में सवार लोग पानी में गिर गए और 13 की मौत हो गई. हादसे के अगले दिन तक शवों का सर्च ऑपरेशन चलता रहा और अब तक 4 बच्चों सहित 8 महिलाओं की मौत की पुष्टि हो चुकी है.




*नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र 31 मई 2026 तक मान्य है. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000 • **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9926101202 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855** • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ 8225023340/9826023340 **Shivpuri** KK Sales and Service **9425156633** • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 7771887337. • **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.